सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 138 | इंदौर, मंगलवार 03 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आईपीएस की सड़क हादसे में मौत

### कर्नाटक में जॉइन करने वाले थे; कार का टायर फटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली,(एजेंसी)।** सिंगरौली जिले के देवसर में एसडीएम अखिलेश सिंह के बेटे आईपीएस अफसर हर्षवर्धन सिंह की कर्नाटक के हासन के पास सड़क हादसे में मौत हो गई है। हर्षवर्धन 2023 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। उन्होंने हाल ही में मैसूर स्थित कर्नाटक पुलिस अकादमी (केपीए) में एक महीने की ट्रेनिंग पूरी की थी। वे हासन में सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी पहली जॉइनिंग के लिए जा रहे थे।।

हर्षवर्धन सिंह सरकारी गाड़ी से मैसूर से हासन जा रहे थे। इसी दौरान रविवार शाम करीब 4:20 बजे हासन-मैसूर रोड पर हसन तालुक के किट्टाने के पास उनकी गाड़ी का टायर फट गया। टायर फटने से ड्राइवर मंजे गौड़ा का नियंत्रण गाड़ी से खो गया और गाड़ी सड़क किनारे स्थित एक घर से टकरा गई।

### सिर में गंभीर चोट आने से मौत

हादसे में हर्षवर्धन के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन जान नहीं बचाई नहीं जा सकी। इस हादसे में ड्राइवर मंजे गौड़ा को मामूली चोट आई है। उसका हासन के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## वन्य प्राणियों की मौत की पीएम रिपोर्ट ऑनलाइन होगी

### इन्वेस्टिगेशन क्लियरियटी के लिए मौत वाली जगह की गूगल लोकेशन भी होगी शेयर

**भोपाल,(एजेंसी)।** प्रदेश के टाइगर रिजर्व और अन्य राष्ट्रीय उद्यानों में वन्य प्राणियों की सुरक्षा पर फोकस करने वाला वन महकमा अब इनकी मौत के कारणों की पूरी जानकारी भी ऑनलाइन रखेगा। इस मामले में खासतौर पर पिछले माह बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत के बाद गंभीरता दिखाई गई है और सरकार के फैसले के बाद वन विभाग ने वन्य प्राणियों की मौत के बाद वेब आधारित पोस्टमार्टम रिपोर्टिंग सिस्टम तैयार किया है।

वाइल्डलाइफ पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिस्टम के नाम से तैयार किए गए इस सिस्टम का फायदा यह होगा कि वन्य प्राणियों की पीएम रिपोर्ट ऑनलाइन देखी जा सकेगी। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए चार फार्मेट तैयार किए गए हैं, जिनके आधार पर एमपी में भी व्यवस्था लागू की गई है ताकि देश के अन्य राज्यों के साथ रिपोर्ट की एकरूपता बनी रहे।

वन अफसरों के अनुसार, वन्य प्राणियों का पोस्टमार्टम करने वाले वेटरनरी डॉक्टर्स का इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होगा। साथ ही फॉरेस्ट के सभी उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट पहुंचाने की सुविधा भी इसमें होगी। इसके लिए अफसरों को पासवर्ड दिए जाएंगे। यह पासवर्ड उपयोग कर सर्कल वाइज, वनमंडल वार तथा केस टाइप और डॉक्टर्स की रिपोर्ट देखी जा सकेगी।

भोपाल गैस त्रासदी की बरसी

# गैस प्रभावित मरीजों में गुर्दे की बीमारी सात गुना अधिक

## 40 साल बाद भी बढ़ रहे रोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के काम कर रहे संगठनों ने कहा कि गैस से प्रभावित लोगों में बीमारियों का प्रसार उस समय गैस से अप्रभावित रहे लोगों में तेज है। भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के साथ काम कर रहे संगठन संभावना ट्रस्ट क्लिनिक ने कहा कि यह निष्कर्ष 16 वर्षों के दौरान 16,305 गैस प्रभावित और 8,106 अप्रभावित मरीजों के क्लिनिकल डेटा के विश्लेषण पर आधारित है। डॉ. उषा आर्या ने बताया कि पिछले 16 वर्षों में गैस से प्रभावित समूह में श्वसन और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां अप्रभावित समूह की तुलना में 1.7 से 2 गुना अधिक पाई गईं। इसके अलावा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां, जिन्हें पहले गैस रिसाव से नहीं जोड़ा गया था, भी तेजी से बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा मेडिकल रिसर्च और प्रभावित लोगों के लिए बेहतर उपचार करने की सुविधा बढ़ाने की आवश्यकता को प्रकाश में ला रहा है। उन्होंने बताया कि गैस प्रभावित मरीजों में मधुमेह रोग पांच गुना अधिक पाया गया। वहीं, अप्रभावित लोगों की तुलना में उच्च रक्तचाप तीन गुना अधिक रहा। इसके अलावा गैस प्रभावितों में डिप्रेशन की बीमारी 2.7 गुना ज्यादा है। वहीं, गुर्दे संबंधी रोग भी सात गुना अधिक है।

### महिलाओं में बढ़ी हार्मोनल समस्याएं

गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. सोनाली मित्तल ने बताया कि गैस प्रभावित महिलाओं में समय से पहले या प्रारंभिक रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) के मामले 2.6 गुना अधिक थे।



### दिल और तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव

डॉ. बी रघुराम ने बताया कि हृदय संबंधी बीमारियां जैसे मायोकार्डियल इंफार्क्शन और इस्केमिक हार्ट डिजीज गैस प्रभावितों में 4.5 गुना ज्यादा थीं। तंत्रिका संबंधी बीमारियों में हेमीप्लेजिया और न्यूराल्जिया के मामले चार गुना ज्यादा पाए गए। डॉ. पी.के. अस्वथी ने कहा कि गैस प्रभावितों में न्यूरोपैथी के मामले सात गुना अधिक थे। साथ ही, हाइपोथायरायडिज्म पिछले सात वर्षों में दोनों समूहों में बढ़ा है, लेकिन गैस प्रभावित समूह में यह 1.7 गुना अधिक पाया गया।

### विशेष स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत

संभवना ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी सतिनाथ सारंगी ने कहा कि गैस पीड़ितों में ज्ञात और नई बीमारियों का लगातार उच्च स्तर दिख रहा है, जो यह दर्शाता है कि विशेष स्वास्थ्य सेवाओं की अत्यधिक आवश्यकता बनी हुई है।'

### आधी रात फैली थी भोपाल में जहरीली गैस

2-3 दिसंबर 1984 की रात को भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट (MIC) गैस का रिसाव हुआ था, जिसमें 5,479 लोग मारे गए थे और पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। यह विश्व की सबसे भयंकर औद्योगिक त्रासदियों में से एक है। इसके पीड़ित आज भी तिल तिल कर मौत के मुंह में समा रहे हैं।

## अयोध्या से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस चौरई के पास अनियंत्रित होकर पलटी, 21 घायल, कई गंभीर

**छिंदवाड़ा। मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे छिंदवाड़ा जिले के चौरई में एक बड़ा हादसा हुआ। श्रद्धालुओं से भरी एक बस पलटने से 21 लोग घायल हो गए, इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा चौरई के केंद्रीय विद्यालय के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, सामने से आ रहे ट्राले ने बस को कट मारा, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गई।**



बस में सवार सभी यात्री छिंदवाड़ा के निवासी हैं और अयोध्या दर्शन के बाद वापस लौट रहे थे। श्रद्धालु 27 नवंबर को छिंदवाड़ा से काशी विश्वनाथ और अयोध्या दर्शन के लिए निकले थे। हादसे में घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सिविल और जिला अस्पताल भेजा गया।

**मौके पर पुलिस और एसपी मौजूद-** घटना स्थल पर नवागत एसपी अजय पांडेय पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने जानकारी बताया कि हादसे में कुल 21 लोग घायल हुए हैं। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया है। छिंदवाड़ा एडिशनल एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस छिंदवाड़ा की राहुल बस है, जो श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या दर्शन से लौट रही थी। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घायलों को छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। बस अभी भी मौके पर फंसी हुई है।

# लापरवाही पर दो अधिकारियों की एक महीने की सैलरी रोकी

## महिला तहसीलदार के खिलाफ भी पेनाल्टी; सीएम हेल्पलाइन के पेंडिंग केस पर कलेक्टर सख्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शहर में सीएम हेल्पलाइन के जरिए दर्ज मामलों के निपटारे के लिए अगले सात दिन तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

कलेक्टर आशीषसिंह ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि इस अभियान में 50 दिन से पेंडिंग केस के निपटारे को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार लाना होगा। हर विभाग की रैंकिंग 40 से अधिक नहीं हो। 40 से अधिक रैंकिंग आने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन के केसों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर दो अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक सुचिता बेक तिर्की और श्रम विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर मेघना भट्ट का एक-एक माह का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर बिचौली क्षेत्र की तहसीलदार अंकिता वाजपेयी के विरुद्ध पेनाल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए।

**एक भी आवेदन नॉन अटेंड नहीं रहे-** कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में जन समस्याएं आती हैं। इनका निराकरण समय-सीमा में होना अत्यंत जरूरी है। जनता से जुड़ी समस्याओं के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दी जाए। सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों को देखें और उसी दिन निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करें। एक भी आवेदन नॉन अटेंड नहीं रहे। अगर एक भी शिकायत ऐसी मिलती है, जिसमें कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी एक्ट में दर्ज प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कलेक्टर बोले**

# कार्यालयों की बिजली खपत में 20% कमी लाएं

### इंदौर क्लाइमेट मिशन; कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए बनें सहभागी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर स्वच्छता में अव्वल रहने के साथ ही अब कार्बन उत्सर्जन को कम करने के क्षेत्र में भी अव्वल बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसको देखते हुए इंदौर शहर में क्लाइमेट मिशन प्रारंभ किया गया है। मिशन का पहला चरण 100 दिन का रहेगा। यह दिसम्बर माह से शुरू होकर मार्च तक चलेगा। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले के शासकीय विभागों के कार्यालय भी सहभागी बनेंगे। इन कार्यालयों में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए बिजली खपत में 20% की कमी लाई जाएगी।

यह जानकारी सोमवार को कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। बैठक में मिशन से जुड़े सोलर मेन चेतन सिंह सोलंकी ने मिशन के विभिन्न बिन्दुओं, उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में बताया। बैठक में नगर निगम, स्मार्ट सिटी, आईडीए सहित अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समय को देखते हुए कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कारगर प्रयासों की जरूरत है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए सभी सरकारी विभाग सहभागी बने। वे यह प्रयास करें कि अपने-अपने कार्यालयों में बिजली की खपत कम से कम 20% कम हो। अभियान में ऊर्जा साक्षरता, बिजली की खपत में कमी लाने, व्यवहार में बदलाव लाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# कल आधे दिन बाजार बंद

### कांग्रेस की मांग- सराफा बाजार में 15 हजार बंगाली कारीगर, इनमें बांग्लादेशी भी, जांच हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में संघ के प्रयासों के बाद अब कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। जहां संघ अपने वैचारिक संगठनों के माध्यम से इंदौर में 4 दिसंबर को एक बड़े आयोजन की तैयारी कर रहा है, वहीं इंदौर कांग्रेस ने शहर में रह रहे बांग्लादेशियों की जांच की मांग की है।**

गौरतलब है कि इंदौर के सराफा बाजार में 15,000 से अधिक बंगाली कारीगर सोने के जेवर बनाने का काम करते हैं। ये कारीगर सराफा बाजार के आसपास किराए के मकानों में रहते हैं और उनकी एक एसोसिएशन भी है। सूत्रों के मुताबिक, इन कारीगरों में कुछ बांग्लादेश से आए लोग भी शामिल हो सकते हैं, लेकिन उनकी सही संख्या का कोई पुख्ता रिकॉर्ड नहीं है। इंदौर कांग्रेस सेवा दल के जिला कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल और सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गिरीश जोशी ने सराफा बाजार एसोसिएशन को पत्र लिखकर बांग्लादेशी कर्मचारियों की जांच की मांग की है।

उन्होंने पत्र में कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को देखते हुए इंदौर में बिना वीजा काम कर रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की जानी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनैतिक तरीके से यहां रह रहा है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### सराफा बाजार के अध्यक्ष बोले- पुलिस करें जांच

सराफा बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल रांका ने कहा कि उन्हें कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई पत्र नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह काम पुलिस का है, न कि कांग्रेस का। पुलिस को जांच करनी चाहिए और देश-विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी एसोसिएशन का सराफा बाजार में काम करने वाले बंगालियों से कोई कोई लेना देना नहीं है, हमारे पास उनका कोई रिकार्ड भी नहीं है।

बंगाली कारीगर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशांत सामवंत ने कहा कि सराफा बाजार में काम करने वाले कारीगर पश्चिम बंगाल से आए हैं, जो भारत का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि इंदौर सराफा बाजान में लगभग 15 से 20 हजार बंगाली कारीगर काम कर रहे है। वहीं उनकी एसोसिएशन में 10,000 से अधिक कारीगर रजिस्टर्ड हैं। यदि कोई बांग्लादेशी नागरिक बंगाली बनकर काम कर रहा है, तो इसकी जानकारी पुलिस को ही जांचकर पता लगानी चाहिए।

### 4 दिसंबर को आधे दिन बाजार बंद

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में 4 दिसंबर को इंदौर में आधे दिन बाजार बंद रखने का निर्णय लिया गया है। रविवार को अहिल्या चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक में यह निर्णय लिया गया।अहिल्या चैंबर के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक धीरज खंडेलवाल ने घोषणा की कि 4 दिसंबर को सर्व हिंदू समाज की रैली को समर्थन देते हुए इंदौर के व्यापारिक संगठन दोपहर 1 बजे तक दुकानें बंद रखेंगे।

### बंद में समर्थन देने वाले संगठन

क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन, सीतलामाता बाजार, खजूरी बाजार, न्यू सियागंज, टी मर्चेंट्स एसोसिएशन, स्कूटर पार्ट्स विक्रेता संघ, सियागंज किराना होलसेल मर्चेंट्स एसोसिएशन, अपोलो टॉवर विक्रेता संघ, पाइप एंड सैनिटरी व्यापारी संघ, इंदौर टाइल्स मर्चेंट्स एसोसिएशन, इलेक्ट्रिक मार्केट व्यापारी एसोसिएशन, इंदौर मशीनरी टूल्स, प्लायवुड और लैमिनेट्स व्यापारी संघ, मध्यप्रदेश दाल-दलहन व्यापारी महासंघ, इंदौर केमिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन, इंदौर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन, दाल-चावल विक्रेता संघ, मल्हारगंज व्यापारी एसोसिएशन और चैंबर के अन्य व्यापारी संगठन।

# 85 वर्षीय वाघ परीक्षा में रहे प्रथम




इंदौर। **मध्य प्रदेश मराठी अकादमी ने इंदौर में वाचक स्पर्धा 2024 आयोजित की थी। जिसके परिणाम घोषित हुए। इसमें भोपाल केंद्र से सात लोगों ने पुरस्कार प्राप्त किया है।**

परीक्षा देने वालों में 85 वर्षीय अरुण वाघ भी है। उन्होंने पहली बार परीक्षा दी और वे इस अकादमी में सर्वप्रथम रहे। उनका सम्मान मराठी अकादमी द्वारा किया गया। इसी प्रकार मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात केंद्र में श्रीकांत अटेरकर प्रथम रहे। अकादमी ने प्रतिमा कवीश्वर, सुषमा मसुरकर, उत्पला परांजपे, कुंदा शिरा, असाव, नीलिमा कोतवालीवाले और लक्ष्मी सोनवणे को भी पुरस्कृत किया। इसके अलावा भोपाल केंद्र से सात लोगो ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह जानकारी भोपाल केंद्र प्रमुख अरुण दंडवते द्वारा ने दी।परीक्षा में प्रथम रहे वाघ ने बताया इस स्पर्धा में 200 पेंजों की किताब दी गई थी, जो मराठी भाषा में थी। उस किताब में से 100 प्रश्न स्पर्धा में दिए गए थे। किताब को मैने अच्छी तरह पढ़ा था। इस कारण मैंने ज्यादा से ज्यादा सवालों के सही जवाब दिए।

# रोजगार मेले में नौकरी तलाशने पहुंचे युवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जहां पहले नौकरी करता था, वहां सैलरी नहीं बढ़ा रहे थे। तीन साल हो गए थे। बोला भी, पर कुछ नहीं हुआ। इसलिए वहां से नौकरी छोड़ दी। बैक ऑफिस कोऑर्डिनेटर की नौकरी तलाश रहा हूं। नौकरी नहीं होने की वजह से परिवार चलाने में परेशानी आ रही है।**

यह कहना है 42 साल के मकसूद खान का, जो सोमवार को रोजगार मेले में आए। वे पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी वे रोजगार मेले में आए थे। उस वक्त एक कंपनी से कॉल आया था, लेकिन शॉर्टलिस्टिंग में नाम नहीं आया। एक बार फिर मेला लगा है, इसलिए यहां आया, पर मेरे प्रोफाइल की नौकरी मिलना मुश्किल लग रहा है। कहीं और जाकर नौकरी की तलाश करनी पड़ेगी। फिलहाल पत्नी जॉब कर रही हैं। उनकी सैलरी से ही घर चल रहा है।

### नौकरी पर आने से मना कर दिया, इसलिए यहां आया

ऐसे ही एक शख्स और यहां आए। अपना नाम गोविंद पटेल बताया। वे भी यहां नौकरी की तलाश में आए। अलग-अलग कंपनियों में इंटरव्यू दिया। कंपनियों ने कहा है कि जहां काम कर रहे हो, वहां से सैलरी बढ़ाकर दे देंगे। गोविंद ने बताया कि वे जिस कंपनी में काम कर रहे हैं, वहां से नौकरी का मना कर दिया है। इसलिए नौकरी की तलाश करनी पड़ेगी। घर में भी ऐसी स्थिति नहीं है। महंगाई भी ज्यादा है। माता-पिता भी करते हैं, लेकिन जिम्मेदारी तो है। एक जगह से उम्मीद है कि हो जाएगा। इसके पहले भी रोजगार मेले में आया था, लेकिन कोई फीडबैक नहीं आया था।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नंदा नगर में संयुक्त रोजगार मेला (युवा संगम) जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केंद्र के द्वारा लगाया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे का समय रखा गया। डॉक्यूमेंट्स के साथ नौकरी की तलाश में युवा पहुंचे।

19 कंपनियां यहां 350 युवाओं को नौकरी ऑफर करने आई थीं। 18 से 40 साल तक के लोगों को यहां नौकरी देने के लिए बुलाया गया। अलग-अलग पोस्ट जैसे सेल्स एग्जीक्यूटिव, टेलीकॉलर, मशीन ऑपरेटर, टीम लीडर, बैक ऑफिस, इलेक्ट्रीशियन, सुरक्षा गार्ड की नौकरियां ऑफर की गईं। पटेल मोटर, मोजेक वर्क स्कील, अल्ट्रोज टेक्नोलॉजी, रूपरंग स्टोर, आयशर जैसी 19 कंपनियां आई थीं।

### रजिस्ट्रेशन कराने के साथ शुरू हुई तलाश

मेला स्थल पर रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही युवाओं ने नौकरी की तलाश शुरू की। अलग-अलग कंपनियों ने युवाओं के इंटरव्यू लिए। अपनी पसंद की फील्ड में युवा नौकरी तलाशते दिखे। वहीं, स्वरोजगार शुरू करने के लिए कई युवा आए। उन्होंने यहां सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी और लोन कैसे मिल सकता है, इसकी जानकारी ली।

# एयर होस्टेस से दुष्कर्म कर लाखों रुपए ऐंठे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिय़ा पुलिस ने एक एयर होस्टेस की शिकायत पर गौरव तोमर के खिलाफ शादी का झूठा वादा कर कई बार रेप करने और बिजनेस के नाम पर 30 लाख रुपये ठगने के आरोप में मामला दर्ज किया है।**

पीडिता ने पुलिस को बताया कि 2022 में मेट्रिमोनियल साइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर उसकी गौरव से पहचान हुई। उस समय वह अहमदाबाद में जॉब कर रही थी। सितंबर 2022 में वह इंदौर ट्रांसफर होकर आ गई। इसके बाद गौरव का उसके घर पर आना-जाना शुरू हो गया। इस दौरान शादी को लेकर बातचीत हुई। गौरव ने विश्वास में लेकर एक दिन घर पर जबरदस्ती संबंध बनाने की कोशिश की। पहले पीड़िता ने मना किया, लेकिन गौरव ने जल्द शादी करने का वादा किया। इसके बाद वह कई बार उसके घर आया और संबंध बनाए। गौरव ने कहा था कि वह जल्द ही सेटल हो जाएगा। कुछ समय बाद, उसने बिजनेस में परेशानी का बहाना बनाकर पीडिता से पैसे मांगे। पीडिता ने टुकड़ों में करीब 30 लाख रुपये गौरव के खाते में ट्रांसफर किए। जब उसने पैसे वापस मांगे, तो गौरव 28 नवंबर को पीडिता से बात करने आया और पैसे देने से मना कर दिया और धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की, तो वह उसे झूठे केस में फंसा देगा। मजबूर होकर पीडिता ने रिश्तेदारों को घटना बताई। उनकी सलाह पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किया रेप

खजराना पुलिस ने 15 साल की नाबालिक से रेप के मामले में फिरोज खान पर केस दर्ज किया है। नाबालिक ने बताया कि उसने अपनी मां के मोबाइल पर मामा के नाम से एक इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी। 15 दिन पहले उस आईडी पर फिरोज की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई।नाबालिक के रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद दोनों की बातचीत होने लगी। ऐसे में फिरोज ने &0 नवंबर को नाबालिग को स्कीम नंबर 114 में मिलने में बुलाया। यहां से वह नाबालिग को जबरदस्ती कर यूनिक होटल ले गया और धमकाकर रेप किया। इसके बाद रास्ते में छोडक़र धमकाया कि अगर यह बात किसी को बताई तो उसकी बदनामी होगी। पीडिता ने दो दिन तक परिवार को कुछ नहीं बताया फिर मां को पूरी बात बताई। इसके बाद परिजन ने थाने में आकर केस दर्ज कराया।

# धोखाधड़ी के 3 करोड़ रुपए रिफंड कराए

### 30 दिन में मिली थी धोखाधड़ी की अनेक शिकायतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिस तेजी से सायबर अपराध बढ़ रहे हैं उसी तेजी से पुलिस भी हाइटेक तरीके अपनाकर अपराधियों के तक पहुंचने के साथ ही उनकी ठगी के शिकार हुए लोगों को उनके रुपए रिफंड कराकर आरोपियों के मंसूबों पर पानी फे रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने नवंबर माह के 30 दिन में आनलाइन ठगी के शिकार लोगों को 3 करोड़ रुपए रिफंड कराए हैं। पुलिस की यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।**

एडिशनल पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि साइबर क्राइम से बचने लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद लोग ठगों की बातों में आकर अपनी राशि गंवा बैठते हैं। पुलिस आयुक्त संतोषसिंह के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इंवेस्टिगेशन टीमों को लगाया गया है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा संचालित साइबर हेल्पलाइन, एनसीआरपी, सिटीजन कॉप आदि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतें आई थी। शिकायतों की जांच के दौरान आवेदकों से फ्रॉड की सम्पूर्ण जानकारी लेकर त्वरित कार्रवाई कर उनके पैसे ठग से वापस कराने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। बता दें, जनवरी से अब तक 7 करोड़ से अधिक की राशि रिफंड कराई जा चुकी है। वहीं, क्राइम ब्रांच द्वारा हर माह स्कूल, कॉलेज और अन्य प्रतिष्ठानों में लोगों को साइबर अपराध से बचने कार्यशाला में जागरूक किया जा रहा है।

## सीसीटीवी के आधार पर पकड़ाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में पिछले दिनों दुकानों में हो रही रियों के आरोपी को पुलिस ने पकडऩे में सफलता हासिल की है। मामले की जानकारी देते हुवे थाना प्रभारी ओम प्रकाश अहीर ने बताया कि शहर में पिछले एक हफ्ते से दुकानों में चोरी की वारदात हो रही थी। जिसमें राजू भाई कल्केशन नामक दुकान की शटर उचकाकर चोरी करते बदमाश दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद हुलिए के आधार पर तहकीकात शुरू कर आज देवेंद्र उर्फ देवा पिता संजय भाभर निवासी खेड़ा पीथमपुर को हिरासत में लिया है। पूछताछ में आरोपी ने राजू भाई कलेक्शन में चोरी करना कबूल किया।

## महिला को धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में एक महिला के घर के गेट पर उसके पड़ोसी ने कार से टक्कर मारी। महिला ने आपत्ति ली तो आरोपी ने विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी थाना द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक फरियादी काजल पति संजय कंधारी निवासी शांतिपथ पुरी की शिकायत पर उसके पड़ोसी अंशुल अग्रवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अपनी नीले रंग की कार से आया और उसके घर के गेट पर टक्कर मार दी। जिससे गेट में नुकसान हुआ। काजल ने इस बात पर आपत्ति ली तो अंशुल गुंडागर्दी करते हुए उसे गालियां देने लग गया और जान से मारने की धमकी दी। टक्कर से घर का गेट और मोटर साइकिल दोनों टूटे हैं।

## सांतवा हत्यारा भी गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खुड़ैल क्षेत्र में हुई सुपरवाइजर हुसैन पिता इकबाल निवासी खजराना की हत्या में शामिल सातवें आरोपी छोटू भील को भी पुलिस ने गिर तार कर लिया। पुलिस ने इस पर पांच हजार रूपए इनाम घोषित किया था। इसका फरार साथी अंशु शर्मा नहीं मिला है। उस पर भी इनाम है। आरोपी ग्राम सनावदिया में रिश्तेदार के घर छुपा हुआ था।

## जुआ खेलते धराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने कनकेश्वरी मैदान पर जुआ खेलते हुए नेहल,सोनू, सुरेंद्र,संजीव को गिर तार किया। उनके पास से नकदी और ताश पत्ती जब्त की है। दीपमाला ढाबे के पास दिलशाद,फरीद, जावेद,खालिक,इकबाल,नरेंद्र को भी जुआ खेलते हुए पकड़ा है। इनके पास से पांच हजार रूपए जब्त किए गए।

## दो युवकों को मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आपसी विवाद में गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक विवाद गणेश नगर में सावंरिया होटल के पास हुआ। रोहित पिता भागीरथ सावले निवासी ग्राम लुन्हार जिला खंडवा हाल मुकाम न्यू संत नगर की रिपोर्ट पर अंकित निवासी गणेश नगर पर केस दर्ज किया गया। रोहित ने बताया कि मैं और सचिन हम गणेश नगर में सांवरिया होटल के पास पहुंचे वहां आरोपी और उसके साथी आपस में गाली गलौज कर रहे थे। जैसे ही हम उनके सामने से निकले तो अंकित हमें देखकर गालियां देने लगा। मैंने व सचिन ने उसे गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से मुझ पर हमला कर दिया। चाकू पुट्ठे पर लगने से खून निकलने लगा। सचिन ने बीच बचाव किया तो उस पर भी वार कर घायल कर दिया।

# तीन ड्रग पैडलर से लाखों की एमडी जब्त

### राजस्थान से कार में लेकर आ रहे थे आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजस्थान से कार में एमडी ड्रग्स लेकर आ रहे तीन ड्रग पेडलरों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। इनके पास से ड्रग्स जब्त की है।**

डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि खबर मिली थी कि राजस्थान के डग बड़ौद से एमडी ड्रग्स लाई जा रही है। इस पर उन्होंने एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था। क्राइम ब्रांच की टीम को एमआर-4 बाणगंगा पर संदिग्ध कार दिखी पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे रोका और कार में मौजूद पेडलरों से पूछताछ की तो तीनों ने अपने नाम शहजाद पिता चांद खा निवासी चंदननगर, इदरीश पिता इस्तीखार निवासवी गीतानगर और विष्णु पिता मांगीलाल लोधी निवासी अखंड नगर बताया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें &5 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली जिसकी कीमत लाखों रूपए बताई जा रही है। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

# मनचले से प्रताड़ित छात्रा की बिगड़ी तबीयत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने भी एक छात्रा के पिता की शिकायत पर इलाके में रहने वाले एक आरोपी पर छेडछाड़ और अश्लील मैसेज करने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी पिछले चार-पांच माह से छात्रा को परेशान कर रहा था। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक नाबालिग छात्रा के पिता की शिकायत पर वैदिक शर्मा निवासी वेकटेंश नगर के खिलाफ छेडछाड़ और पॉस्को एक्ट में केस दर्ज किया गया है। छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि 28 नवंबर को बेटी के डिप्रेशन में जाने के चलते तबीयत बिगड़ी। उसका अस्पताल में उपचार कराया। वह डर रही थी तो भाई के साथ मिलकर उससे डिप्रेशन का कारण पूछा। तब उसने बताया कि वैदिक शर्मा काफी समय से घर से कालेज आने-जाने के दौरान उसका पीछा कर रहा है। वह कही जाती है तो आसपास घूमकर उससे बात करने की कोशिश करता है। एक दिन उसने रोककर बात की ओर पंसद करने के लिये कहा। उसे मना किया तो उसने मोबाइल पर मैसेज करना शुरू कर दिए। जो काफी भद्दे हैं,। छात्रा ने पिता को बताया कि उसने इसी कारण से पिछले कुछ दिनों से बाहर आना-जाना बंद कर दिया है। पुलिस ने वैदिक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# डीसीपी ने आरक्षक को किया निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। डीसीपी ने सिपाही को निलंबित किया है। उसके खिलाफ भोपाल में केस दर्ज था। आरोप है कि खुद की जगह दूसरे को बैठाकर सिपाही की परीक्षी पास की थी। खजराना थाने में सिपाही पकंज मीणा है वो मुरैना का रहने वाला है। उसके खिलाफ पिछले दिनों भोपाल एसटीएफ ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। एसटीएफ की जांच में ये बात सामने आई थी कि मीणा ने व्यापम के जरिये सिपाही जो परीक्षा दी थी उसमें उसकी जगह कोई और बैठा था। अंगूठे की जांच में गड़बड़ सामने आ गई। इसके बाद एसटीएफ भोपाल ने मीणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और इंदौर के पुलिस अफसरों को जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि मीणा की शिकायत उसके रिश्तेदार ने ही की थी। मीणा को केस दर्ज होने की खबर लगी तो उसने कोर्ट से अग्रिम जमानत करवा ली थी। बताया जा रहा है कि मीणा खजराना थाने में खुफिया में नौकरी कर रहा था। डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने उसे निलंबित कर दिया थाने से हटाकर डीआरपी लाइन भेज दिया है।

# छात्रा को परेशान कर रहा था... तबीयत बिगड़ गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने भी एक छात्रा के पिता की शिकायत पर इलाके में रहने वाले एक आरोपी पर छेड़छाड़ और अश्लील मैसेज करने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी पिछले चार-पांच माह से छात्रा को परेशान कर रहा था। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक नाबालिग छात्रा के पिता की शिकायत पर वैदिक शर्मा निवासी वेकटेंश नगर के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट में केस दर्ज किया गया है। छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि 28 नवंबर को बेटी के डिप्रेशन में जाने के चलते तबीयत बिगड़ी। उसका अस्पताल में उपचार कराया। वह डर रही थी तो भाई के साथ मिलकर उससे डिप्रेशन का कारण पूछा। तब उसने बताया कि वैदिक शर्मा काफी समय से घर से कालेज आने-जाने के दौरान उसका पीछा कर रहा है। वह कही जाती है तो आसपास घूमकर उससे बात करने की कोशिश करता है। एक दिन उसने रोककर बात की ओर पंसद करने के लिये कहा। उसे मना किया तो उसने मोबाइल पर मैसेज करना शुरू कर दिए। जो काफी भद्दे हैं,। छात्रा ने पिता को बताया कि उसने इसी कारण से पिछले कुछ दिनों से बाहर आना-जाना बंद कर दिया है। पुलिस ने वैदिक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# अभिनेता सोन सूद सहित क्रिकेटरों ने किए बाबा महाकाल के दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में इन दिनों लगातार वीआईपियों का आगमन हो रहा हैं। खासकर फिल्मी हस्तियां,क्रिकेटर और नेतागण दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।सोमवार को अभिनेता सोनू सूद ने बाबा महाकाल के दर्शन कर उनकी आगामी फिल्म फतेह की सफलता की कामना की।वही प्रातःकाल 7 क्रिकेटर बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए।**



इंसानियत के लिए काम करेंगे तो कोई धर्म-जाति नहीं पूछेगाःसूद

फिल्म अभिनेता व समाजसेवी सोनू सूद ने सोमवार को महाकाल मंदिर पहुंच कर गर्भगृह के बाहर देहरी से भगवान महाकाल का पूजन कर दर्शन किए। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि 10 जनवरी को रिलीज हो रही फिल्म फतेह की सफलता के लिए आशीर्वाद मांगा है।सोनू सूद ने कहा कि जब तक इंसानियत के लिए काम करते रहेंगे,तब तक यह सवाल नहीं उठेगा कि आप किस धर्म या जाति से हैं। सोनू सूद ने फिल्म की विषय वस्तु को लेकर बताया कि कोरोना काल के दौरान जब वह लोगों की मदद कर रहे थे,तब बहुत लोगों के साथ साइबर क्राइम हो रहा था। बैंकों से पैसे निकाल लिए जाते थे और फेक लोन बनाए जाते थे। इस सब्जेक्ट को उठाकर फिल्म फतेह का निर्माण किया है।यह फिल्म आम जनता की है। धर्म को लेकर उन्होंने कहा कि मैं हमेशा मानता हूं कि देश में सबके लिए जगह है। हिंदू राष्ट्र होना चाहिए,लेकिन मुझे लगता है कि हमें अच्छे कार्य करते रहना चाहिए।जब तक इंसानियत के लिए काम करते रहेंगे,तब तक यह सवाल नहीं उठेगा कि आप किस धर्म या जाति से हैं। मुझे लगता है कि हमारा देश और इंसानियत हमेशा बरकरार रहेगी।

### 7 क्रिकेटरों ने भस्म आरती के दर्शन किए

सोमवार को 7 क्रिकेटर भी बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए। सोमवार को अल सुबह क्रिकेटर अभिनव मनोहर,आदित्य तारे,रंजन कुमार, कृणाल चंडेला,पीयूष सिंह, देशराज चोहान (फिजियो),मन्वंत कुमार ने बाबा महाकाल की भस्म आरती दर्शन किए। करीब 2 घंटे तक बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन कर क्रिकेटरों ने कहा कि इस प्रकार की आरती हमने पहले कभी नहीं देखी। क्रिकेटर अभिनव मनोहर ने मीडिया को बताया कि बाबा महाकाल की भस्म आरती देखकर जो अनुभूति हुई है उसे में शब्दों में बयां नहीं कर सकता। बाबा महाकाल को मैं धन्यवाद देने आया हूं क्योंकि उन्हीं की कृपा से मैंने जिस फील्ड को चुना उसमें ही केरियर बनाया।

# महिला के पेट में कैंची छोड़ी, 21 महीने बाद निकाली

## ग्वालियर में डॉक्टरों का कारनामा, जांच शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर,(एजेंसी)।** ग्वालियर के कमलाराजा हॉस्पिटल (केआरएच) के डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। 21 महीने पहले भिंड जिले की महिला का ऑपरेशन करते समय डॉक्टरों ने उनके पेट में मॉस्किटो आर्टरी फोर्सेप (खून रोकने के लिए कैंची जैसा टूल) छोड़ दी। महिला लगभग दो साल से पेट में यह कैंची लेकर घूम रही थी। भिंड के मेहगांव के सौंधा गांव की कमला देवी को दो दिन पहले कमलाराजा हॉस्पिटल में दोबारा परिजन ने भर्ती कराया।

स्त्री स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम राजपूत, डॉ. मेघा सिंह और वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेश प्रजापति की टीम ने महिला का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन में महिला के पेट में कैंची निकली। डॉ. नीलम ने बताया कि मॉस्किटो आर्टरी फोर्सेप ऑपरेशन के बाद निकाल दी है। मरीज अब ठीक है। बता दें, पेट में दर्द रहने पर महिला जिला अस्पताल भिंड पहुंची थी। वहां सीटी स्कैन कराने पर पेट में कैंची होने की बात सामने आई थी।

# ग्वालियर-देवास में लूट करने वालों ने ओडिशा में वारदात की

## बिहार की कटिहार गैंग का हाथ, सीसीटीवी फुटेज मैच हुए; आगरा में नई लोकेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में 25 नवंबर की दोपहर पीएचई के ठेकेदार से बदमाश 5 लाख रुपए से भरा बैग छीन ले गए थे। बदमाश बाइक पर थे। यह वारदात बिहार के कटिहार गैंग के सरगना मनीष यादव (नट जाति) ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर की थी। ग्वालियर के अलावा इस गैंग ने 28 अक्टूबर को देवास में भी लूट की थी। नया खुलासा यह हुआ है कि कटिहार गैंग ने ही 8 नवंबर को ओडिशा में एक बड़ी लूट की थी। ओडिशा पुलिस ने ग्वालियर पुलिस से संपर्क किया है।**

ग्वालियर, देवास और ओडिशा में बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मैच कर गए हैं। अब ग्वालियर के साथ ही देवास, ओडिशा पुलिस भी इस गिरोह की तलाश में लगी हुई है। ग्वालियर के पास आगरा में एक दिन पहले गैंग के सरगना के नए फुटेज मिले हैं। इसके बाद पुलिस की टीम आगरा से लेकर मथुरा, दिल्ली तक डेरा डाले हुए है।

**ओडिशा में भाई-बहन से 7.5 लाख रुपए लूटे-** बदमाशों ने ओडिशा के बलांगीर जिले में बैंक के पास एक भाई-बहन से 7.5 लाख रुपए से भरा बैग छीना था। वहां बदमाशों ने कट्टा भी दिखाया था। वारदात का तरीका बिल्कुल ग्वालियर जैसा होने पर ओडिशा पुलिस ने अपने यहां के सीसीटीवी फुटेज ग्वालियर पुलिस से शेयर किए हैं। इसमें भी बिहार की कटिहार गैंग का सरगना मनीष यादव नजर आ रहा है।

**आगरा में मिले ताजा सीसीटीवी फुटेज-** ग्वालियर पुलिस 5 लाख रुपए की लूट का खुलासा करने के लिए धौलपुर, आगरा से लेकर दिल्ली तक डेरा डाले हुए है। बदमाशों की पहली लोकेशन धौलपुर के सैंया (राजस्थान) में सीसीटीवी फुटेज के जरिए मिली थी। अब पुलिस को आगरा में गैंग के सरगना मनीष यादव के ताजा सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। यह 30 नवंबर के हैं। तीनों लूट में सरगना मनीष ही फ्रंट पर लीड करते हुए नजर आ रहा है। अब इसी मनीष की पहचान करने के बाद ग्वालियर पुलिस ने उसके गैंग में शामिल कुछ सदस्यों के नाम और पहचान पता कर लिए हैं। एसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह का कहना है-ग्वालियर में लूट करने वाली गैंग के बारे में पता लगा है। यह बिहार के कटिहार की गैंग है। इसने प्रदेश के देवास के अलावा ओडिशा में भी लूट की है। ओडिशा पुलिस ने वहां के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज शेयर किए हैं और वह ग्वालियर, देवास के फुटेज से मैच कर गए हैं।

# मेला घूमने आ रहे युवक की गोली मारकर हत्या

## मृतक साथियों के साथ आए थे भेड़-बकरी चुराने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र। उन्हेल रोड के साराबारी गांव के खेत से एक अज्ञात युवक के लाश पुलिस ने बरामद की थी। मृतक अपने साथियों के साथ उज्जैन कार्तिक मेला घूमने आ रहा था। उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लिया गया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रहीं है।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनसार मृतक का नाम दशरथ मोंगिया आयु 30 साल निवासी इंदिरा गार्डन बदनावर है,उसकी गोली लगने से मौत हुई है। दशरथ उसके मामा कमल पिता बापूसिंह निवासी बदनावर,ओमप्रकाश पिता दयाराम आयु 16 साल के साथ कार्तिक मेला देखने बाइक से उज्जैन आ रहा था। इसी बीच साराबारी गांव के मोड़ पर वे लघु शंका के लिए रुके। खेत में हलचल देखकर उधर से गडरियों की टीम आने लगी। उन्हें यह आशंका हुई कि तीनो भेड़ चोर हैं। गडरियों ने ताबड़ तोड़ उन पर हमला कर दिया।

कमल के सिर पर लाठी लगी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। वह जान बचाने के लिए खेत से भागा लेकिन दशरथ पीछे ही रह गया। इसी दौरान पटाखे जैसी तीन आवाज हुई। कमल का कहना है कि वह भाग कर सड़क पर आया यहां ओमप्रकाश बाइक लेकर खड़ा था। कमल के सिर से खून बह रहा था,लिहाजा उसका इलाज जरूरी था इसलिए ओमप्रकाश उसे बाइक से ही आर.डी.गार्डी मेडिकल कॉलेज ले गया जहां उसके सिर में तीन टांके लगाए गए। दोनों को यह चिंता हो रही थी कि दशरथ का क्या हुआ। रात भर कमल अस्पताल में रहा। सुबह उसने छुट्टी करवाई और भैरवगढ़ थाने पहुंचा। उसने पुलिस को रात्रि में हुए घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने जो अज्ञात लाश बरामद की थी उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे थे। इसी बीच कमल की जानकारी के आधार पर मृतक की शिनाख्त हो गई।

### ऐसे हुई शिनाख्त

पुलिस कमल को लेकर घटना स्थल पर पहुची। जहाँ पर लाश देखकर कमल ने कहा यही दशरथ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस हत्याकांड में एक कहानी और सामने आई है। पता चला है कि दशरथ और उसके करीब आधा दर्जन साथी ईको कार से आए थे। कुछ भेड़ उस वाहन में रख ली गई थी,इस दौरान गडरिए आ गए थे। दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने की लड़ाई हुई। दोनों पक्षों के लोग घायल हुए। इसी बीच किसी ने दशरथ पर गोली चला दी। दशरथ के गिरते ही साथी वहां से भाग निकले।

मामले में एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि भैरवगढ़ थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। यह तय है कि दशरथ की हत्या हुई है। हथियार कौन-सा इस्तेमाल किया गया है,इसकी जांच चल रही है।

# सिंधिया नहीं मिले तो महिलाओं ने विधायक पर उतारा गुस्सा

## गुना में बोलीं- वोट लेने के लिए हाथ जोड़ते हैं; काम के लिए अलग हट जाओ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, (एजेंसी)। गुना में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलने पहुंचीं महिलाओं ने विधायक को घेर लिया। महिलाएं सिंधिया से नहीं मिल पाईं, तो उन्होंने विधायक को खरी खोटी सुना दी। उन्होंने कहा कि जब वोट देना होता है, तब तो कहते हो अम्मा वोट जरूर दो। अब जब उनसे मिलना था तो कहा कि अलग हट जाओ, चोट लग जाएगी।**

बता दें कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दो दिन से गुना के दौरे पर थे। सोमवार को उन्होंने एक निजी होटल में डिजिटल पाठशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम स्थल पर ही शहर की ईदगाह बाड़ी की महिलाएं पहुंची थीं। वे अपनी कॉलोनी में सड़क, पेयजल सहित अन्य समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराना चाहती थीं। जैसे ही सिंधिया कार्यक्रम से बाहर



आए, महिलाएं उनसे मिलने के लिए उनकी गाड़ी के पास पहुंच गईं। लेकिन कार्यकर्ताओं ने उन्हें यह कहकर पीछे हटा दिया कि भीड़ में चोट लग जाएगी। इस वजह से वे सिंधिया से नहीं मिल पाईं।

### गुना विधायक को सुनाई खरी-खोटी

महिलाओं ने सिंधिया के जाने के बाद गुना विधायक पन्नालाल शाक्य को घेर लिया और खरी खोटी सुना दी। कहा कि जब केंद्रीय मंत्री से मिलना था तो कहने लगे कि अम्मा पीछे हटो, आप बुजुर्ग हो, भीड़ में चोट लग जाएगी। वोट डालने की बात आती है, तब तो कहते हो अम्मा वोट डालने जरूर जाना, तब हम बूढ़े नहीं लगते क्या?

### बोलीं- साफ बता दो काम करवाओगे या नहीं

महिलाओं ने विधायक से कहा कि आप तो साफ-साफ बता दो कि हम क्या करें? अब तभी वोट मांगने आना, जब हमारे मोहल्ले में सड़क बन जाए। हम तो पांच साल से भटक रहे हैं, परेशान हो चुके हैं। आप तो साफ बताओ काम करवाओगे या नहीं? जो बात है वो खुल कर कह दो। हम अपने छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर यहां आए हैं और केंद्रीय मंत्री सिंधिया से ही नहीं मिलने दिया गया।

## संपादकीय

### त्योहारी मौसम के बाद भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त, आंकड़े निराशाजनक

जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 5.4 फीसद रहने के आंकड़े स्वाभाविक रूप से निराशाजनक हैं। हालांकि जुलाई-सितंबर की तिमाही में अक्सर विकास दर सुस्त देखी जाती है, मगर आर्थिक संगठनों और खुद सरकार ने इसके करीब सात फीसद के आसपास रहने का अनुमान लगाया था। अब कहा जा रहा है कि अगली छमाही में विकास दर अच्छी रहेगी। अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही चूंकि त्योहारी मौसम की होती है, इसलिए इसमें वृद्धि देखी ही जाती है। मगर ताजा आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद को लेकर चिंता पैदा करते हैं। दूसरी तिमाही में सबसे बुरी गत विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र की रही। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 2.2 फीसद दर्ज हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 14.3 फीसद थी। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की 13.6 फीसद से घट कर 7.7 पर पहुंच गई। इसी तरह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर घट कर 3.1 फीसद रह गई, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 12.7 फीसद थी। कृषि जैसे कुछ क्षेत्रों में मामूली वृद्धि को छोड़ दें, तो ज्यादातर क्षेत्रों में विकास दर सुस्त ही दर्ज हुई है। इस सुस्ती के पीछे तर्क दिए जा रहे हैं कि रेपो दर ऊंची रहने और महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से उपभोक्ता व्यय घटा है। इसके अलावा राजस्व घाटा कम करने के उद्देश्य से सरकारी व्यय भी कम कर दिया गया है। इसका असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ा है। मगर फिलहाल इन स्थितियों में सुधार की बहुत संभावना नजर नहीं आती। विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर सुस्त रहने का अर्थ है कि बड़े पैमाने पर लोगों के सामने रोजगार का संकट बढ़ा है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराता है। रोजगार और लोगों की कमाई घटने का स्वाभाविक असर उपभोक्ता व्यय पर पड़ता है। लोग केवल जरूरी चीजों की खरीद करते हैं, विलासिता की और टिकाऊ कही जाने वाली वस्तुओं की खरीद कम होने लगती है। स्वाभाविक ही इससे उत्पादन घट जाता है। यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि पिछले नौ-दस वर्षों में लोगों की मजदूरी और औसत वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। लंबे समय से इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि जब तक लोगों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक आर्थिक विकास के सारे उपाय तदर्थ ही साबित होंगे। अर्थव्यवस्था में मजबूती के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर भी संतुलन साधने की जरूरत होती है। निर्यात के मामले में लगातार निराशाजनक तस्वीरें आती रही हैं। चीन आदि देशों के साथ हमारा व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है। इसी तरह बेशक जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी के आंकड़े दर्ज हो रहे हों, पर हकीकत में राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। इस पर काबू पाने के लिए सरकारी व्यय में कटौती करनी पड़ रही है। जिस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी आ रही है, उससे जाहिर है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिकुड़ रहा है। ऐसी स्थिति में विकास परियोजनाओं पर भी बुरा असर पड़ेगा। आर्थिक विकास के ताजा आंकड़े सरकार के लिए चेतावनी हैं कि उसे तदर्थ और अव्यावहारिक उपायों के बजाय बुनियादी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसमें रोजगार और लोगों की आय में बढ़ोतरी के अवसर पैदा करने होंगे।

isha



*जब आप सटीकता के साथ काम करेंगे, तो आप जबरदस्त मात्रा में ऊर्जा बचा लेंगे, फिर आप जो भी करेंगे उसका प्रभाव काफी बढ़ जाएगा।*

– जग्गी वासुदेव

## Health is Welth

ठंड के मौसम में आपकी सेहत और स्वाद दोनों का ख्याल रखता है टमाटर का सूप। इसके नियमित सेवन से कई समस्याओं को दूर रखने में मदद मिल सकती है। आइए जानते हैं टमाटर का सूप पीने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।

# सर्दियों में टमाटर का सूप पीने से सेहत को मिलते हैं ये 5 गजब के फायदे

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही अकसर कुछ चटपटा और गरमा-गरम खाने की क्रेविंग भी शुरू हो जाती है। अपनी इस क्रेविंग को पूरा करने के लिए लोग कई बार अनहेल्दी ऑप्शन चुन लेते हैं। जो सेहत पर बुरा असर डालते हैं। ऐसे में ठंड के मौसम में आपकी सेहत और स्वाद दोनों का ख्याल रखता है टमाटर का सूप। टमाटर में क्रोमियम, पोटेशियम, विटामिन-ए, सी, इ, अल्फा, बीटा, ल्यूटिन और लाइकोपीन कैरोटेनॉयड्स जैसे कई गुण पाए जाते हैं, जो मोटापे से लेकर सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर रखने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं टमाटर का सूप पीने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।



## टमाटर का सूप पीने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

### बेहतर ब्लड सर्कुलेशन

टमाटर के सूप में मौजूद सेलेनियम एनीमिया से बचाव करके बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाए रखने का काम करता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी बेहतर ब्लड सर्कुलेशन के लिए टमाटर का सूप पीने की सलाह देते हैं।

### हाई बीपी में फायदेमंद

टमाटर में मौजूद पोटेशियम शरीर में सोडियम लेवल को संतुलित बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप हाई बीपी रोगी हैं तो टमाटर के सूप का सेवन करें। हालांकि टमाटर का सूप बनाते समय उसमें नमक की मात्रा का ध्यान रखें या नमक डालने से बचें।

### वेट लॉस

टमाटर का सूप नियमित पीने से वेट लॉस में भी मदद मिल सकती है। टमाटर का सूप फाइबर से भरपूर होता है, जो लंबे समय तक पेट को भरा रखता है। जिससे व्यक्ति को जल्दी भूख नहीं लगती और वो एक्स्ट्रा कैलोरी लेने से बच जाता है। जिससे वेट लॉस में मदद मिल सकती है।

### अच्छा पाचन

सर्दियों में लोग अकसर पाचन संबंधी दिक्कतों से परेशान रहते हैं। ऐसे में आप पाचन तंत्र को बेहतर बनाए रखने के लिए टोमेटो सूप का सेवन कर सकते हैं।

### शुगर लेवल रखें कंट्रोल

टमाटर में मौजूद क्रोमियम ब्लड शुगर कंट्रोल रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा टमाटर में मौजूद नारिंगिन नाम का फ्लेवोनोइड्स एंटी-डायबिटिक के रूप में काम करके ब्लड शुगर लेवल को कम कर सकता है।

## Uttarpradesh

# शादी में खाना खाने के दौरान बवाल, लविवि के छात्रों और बरातियों में मारपीट; पथराव भी हुआ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हसनगंज में सोमवार को एक शादी में खाना पहुंचे लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों और बरातियों में मारपीट हो गई। छात्रों ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने लोगों को खदेड़ा और कुछ को हिरासत में ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

डालीगंज स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में सोमवार रात 11 बजे कैसरबाग से एक युवक की बरात पहुंची थी। लविवि के हॉस्टल में रहने वाले छात्र खाना खाने पहुंच गए। छात्रों और बरातियों में विवाद शुरू हो गया। मारपीट शुरू हुई तो कुछ छात्र निकल गए। कुछ देर बाद छात्र हॉस्टल से अपने और साथियों के साथ पहुंचे और मारपीट



शुरू कर दी। जमकर पथराव किया।

सूचना पर इंस्पेक्टर डीके सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। बरातिया का आरोप था कि छात्रों ने जमकर बमबाजी की। फायरिंग की चर्चा सामने आ रही है। इससे पुलिस ने इन्कार किया है। बरातियों के जेवर लूटने और अभद्रता का भी आरोप है।

छात्रों ने पुलिस व प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप था कि पुलिस सभी छात्रों को आरोपी बना रही है। जबकि लविवि से सिर्फ दो छात्र खाना खाने गए थे। बरातियों ने ही मारपीट शुरू की थी। एसीपी महानगर नेहा त्रिपाठी के मुताबिक बमबाजी और फायरिंग नहीं हुई है। सिर्फ मारपीट हुई थी। घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है।

## New Delhi

# पार्किंग विवाद में आग में फूंकी कार, पुलिस ने 700 km तक पीछा कर 7 को पकड़ा, नेपाल भागने की थी तैयारी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में पार्किंग को लेकर विवाद के बाद एक कार को आग में फूंक देने का मामला सामने आया है. यहां आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने उनका कुल 700 किलोमीटर तक पीछा किया. दरअसल, शनिवार की सुबह रंजीत सिंह नाम के शख्स ने दिल्ली पुलिस को शिकायत दी कि उनकी सियाज कार में रात में कुछ लोगों ने आग लगा दी. जब इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता लगा कि टेंट का बिजनेस करने वाले राहुल भसीन ने इस वारदात को अंजाम दिया है. सीसीटीवी में राहुल के साथ कुछ उसके साथी भी नजर आ रहे थे. शिकायत मिलने के बाद लाजपत नगर थाना पुलिस ने इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज कर ली और राहुल की तलाश में जुट गई.

जांच में पुलिस को इस बात के सुराग मिले कि राहुल भसीन अपने दोस्तों के साथ अमेज कार में फरार हो गया है. आरोपी के पास जो मोबाइल फोन थे वह भी स्विच ऑफ आ रहे थे, लेकिन बीच-बीच में जब भी आरोपियों ने अपने फोन को ऑन किया तो उससे पुलिस को पता चला कि आरोपी आगरा, मथुरा, के रास्ते लखनऊ की तरफ जा रहे हैं. इसके बाद दिल्ली पुलिस की एक टीम भी इस रास्ते पर चल पड़ी. पुलिस की टीम आगरा, मथुरा, एटा, मैनपुरी, लखनऊ, बाराबंकी होते हुए जब अमेठी पहुंची तो वहां पर उन्हें आरोपी एक टिन शेड के नीचे सोते हुए मिले.

## Noida

# नोएडा में लिव इन में रह रही 19 साल की लड़की की मिली लाश, पार्टनर का नहीं चल रहा कोई पता

**नोएडा, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक 19 साल की छात्रा की लाश मिली है। छात्रा नोएडा में ही बीबीए की पढ़ाई कर रही थी। वह उत्तर प्रदेश के बलिया की रहने वाली थी। वहीं इस घटना के बाद मृतका का लिव इन पार्टनर फरार चल रहा है। वह कहां है, इस बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस ने बताया कि नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के देवला गांव में मृतका लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से उसका दोस्त (लिव इन पार्टनर) फरार है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सूरजपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि देवला गांव में संतोष नामक युवक बलिया की रहने वाली कुमारी अंजलि (19) के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। उन्होंने बताया कि सोमवार को अंजलि का शव उसके कमरे में मिला जबकि संतोष फरार है।

## Bihar

# गुस्से में आए ADM साहब! जरा सी बात पर बैडमिंटन खिलाड़ियों को दौड़ाकर पीटा

**मधेपुरा, (एजेंसी)** बिहार के मधेपुरा में जिले के एडीएम शिशिर कुमार के द्वारा खिलाड़ियों से गाली-गलौज और पिटाई करने का मामला सामने आया है.यहां के इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन खेलने के दौरान वहां मौजूद एडीएम अचानक गुस्से में आगबबूला हो गए. उन्होंने खिलाड़ियों से गाली गलौच करते हुए उन्हें दौड़ा दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया. इस दौरान एक खिलाड़ी का सिर फूट गया और आँखों में चोट लगते लगते बच गई.

घटना का वीडियो भी वहां मौजूद एक खिलाड़ी के मोबाइल में कैद हो गया. दरअसल, जिला पदाधिकारी तरणजोत सिंह के आवास के बगल में बने बीपी मंडल इंडोर स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में कुछ खिलाड़ी प्रैक्टिस कर रहे थे. इसी दौरान मधेपुरा एडीएम (विभागीय जांच) शिशिर कुमार मिश्रा भी वहां कुछ अन्य अधिकारियों के साथ



पहुंचे और खिलाड़ियों से उनके साथ बैडमिंटन खेलने का दबाव बनाया. काफी देर से प्रैक्टिस करने के कारण खिलाड़ी थक चुके थे.लेकिन वहां इन लोगों के दबाव दिये जाने के बाद खिलाड़ी मैच खेलने लगे. इसी दौरान एक खिलाड़ी द्वारा गलत शॉट खेल देने से एडीएम शिशिर कुमार गुस्से में आगबबूला हो गए और बैडमिंटन की रैकेट से उस खिलाड़ी को कोर्ट से बाहर तक दौड़ा-दौड़ाकर पिटना शुरू कर दिया.

## खेल

# एशिया कप में भारत की पहली जीत, जापान को 211 रन से हराया, कप्तान अमान ने जड़ा शतक

**शारजाह।** भारत की अंडर-19 टीम ने जापान को 211 रन से हराकर एशिया कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। सोमवार को खेले शारजाह में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने कप्तान मोहम्मद अमान की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 339 रन बनाए। जवाब में जापान की टीम आठ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। उनकी तरफ से ह्यूगो केली ने छह चौकों की मदद से 50 रन बनाए। भारत के लिए चेतन शर्मा, हार्दिक राज और केपी कार्तिकेय ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि युद्धजीत गुहा को एक सफलता मिली। बता दें कि, इस टूर्नामेंट में यह भारत की पहली जीत है। इससे पहले शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में उन्हें 43 रन से करारी शिकस्त मिली थी।





**जापान की पारी-** 340 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। निहार परमार सिर्फ 14 रन बनाकर आउट हो गए। हैरानी की बात ये है कि टीम के कप्तान कोजी एबे खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। भारत की घातक गेंदबाजी के खिलाफ जापान का बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए, इनमें तीन खिलाड़ी ऐसे रहे जो खाता भी नहीं खोल सके। इस मुकाबले में ह्यूगो केली ने 111 गेंदों का सामना किया और अर्धशतक जड़ा। वहीं, चार्ल्स हिंज दो चौकों की मदद से 35 रन बनाकर नाबाद रहे।

**भारत की पारी-** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन आठवें ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया। आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी के बीच पहले विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। चार्ल्स हिंजे ने उन्हें अपना शिकार बनाया। वह 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फैंस को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह जल्दी अपना विकेट गंवा बैठे। वहीं, आयुष छह चौके और चार छक्के मदद से 54 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में मोहम्मद अमान ने कप्तानी पारी खेलते हुए भारत का स्कोर 300 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 118 गेंदों का सामना किया और 103.38 के स्ट्राइक रेट से 122* रन बनाए। इस दौरान उन्होंने सात चौके लगाए। उनके अलावा आंद्रे सिद्धार्थ ने 35, केपी कार्तिकेय ने 57, निखिल कुमार ने 12, हरवंश पंगलिया ने एक और हार्दिक राज ने 25* रन बनाए। जापान के लिए किफर यामामोटो लेक और ह्यूगो केली ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि चार्ल्स हिंजे और आराव तिवारी ने एक-एक विकेट चटकाया।

## सिनेमा

# EX बॉयफ्रेंड को गैरेज में जलाकर मारने का आरोप, एक्ट्रेस नरगिस फाखरी की बहन को US में हो सकती है उम्रकैद



फिल्म 'रॉकस्टार' में रणबीर कपूर संग नजर आने वाली एक्ट्रेस नरगिस फाखरी की बहन को लेकर एक शॉकिंग खबर सामने आई है. नरगिस फाखरी की बहन पर एक्स बॉयफ्रेंड की हत्या का आरोप लगा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, न्यूयॉर्क पुलिस ने नरगिस की बहन आलिया को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है. वहीं, ये खबर सामने आते ही फैंस के बीच खलबली मच गई है. आखिर पूरा मामला क्या है? आइए जानते हैं. जानकारी के मुताबिक, नरगिस फाखरी की बहन आलिया फाखरी अपने एक्स बॉयफ्रेंड के साथ पैचअप करना चाहती थीं. लेकिन एक्स बॉयफ्रेंड एडवर्ड जैकब्स (Edward Jacobs) ने उनके साथ दोबारा रिश्ते में आने से इनकार कर दिया था. इस बात पर गुस्साई नरगिस की बहन ने एक्स बॉयफ्रेंड और उसकी करेंट गर्लफ्रेंड एटिएन की हत्या कर दी. इस पूरे मामले पर प्रॉसिक्यूटर का कहना है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस की बहन ने न्यूयॉर्क में एक्स बॉयफ्रेंड के घर के गैरेज में आग लगा दी. इस आग में उनके एक्स और उनकी गर्लफ्रेंड की मौत हो गई. इस वारदात के बाद पुलिस ने नरगिस की बहन को हिरासत में ले लिया है. पुलिस उनसे पूछताछ कर कर मामले की आगे की जांच कर रही है.

# Detective Abhishek Rami honored with the national level award of Young Investigation Entrepreneur of the Year Award - 2024

**NEW DEIHI, (Agency).**

Security Leadership Summit 2024, 19th Annual Conference of APDI (Association of Professional Detectives and Investigators - India) at 21, 22 November, 2024 PHD House, New Delhi.

Many famous private detectives from national and international countries come to this conference.

The Godfather of All Detectives who is Kunwar Vikram Pratap Singh Chairman of APDI and Former Chairman of WAD (World Association of Detectives - USA), General V. K Singh, General in the Indian Army & Former Union Minister & Former Member of Parliament, Lieutenant General Ashok Bhim Shivane, Indian Army, Dr. Satyapal Singh IPS Former Mumbai Police Commissioner, Former Union Minister, Members of Parliament, Mr. Anil Pratham, IPS Former DGP Gujarat, Dr. Shamsher Singh IPS, DGP Law & Order and many highly reputed IAS and IPS officer, Renowned senior officers from Indian Army all gather in this conference.



Detective Abhishek Rami is a renowned detective from Ahmedabad, he is the owner of SNOOPS DETECTIVES INDIA LLP., he was also present at the conference and He was honored with the national level award of Young Investigation Entrepreneur of the Year Award - 2024 by Kunwar Vikram Pratap Singh, General V. K. Singh, Lieutenant General Ashok Bhim Shiv, Dr. Satyapal Singh, IPS Former Mumbai Police Commissioner.

Detective Abhishek Rami became the first detective from Gujarat to receive this award. Not only for Gujarat but the entire country of India is proud, earlier Detective Abhishek Rami was also honored with the National Award in the year 2019 and has won the Best Detective Agency - Gujarat State award for the last four consecutive years, this year also the Best Detective Agency - Gujarat State award has been received by the Honorable Shri Jual Oram, Cabinet Minister, Ministry of Tribal Affairs.

## Highlights

1. Tripura hotels to not give rooms, meals to B'deshi citizens amid attack on Hindus
2. 'I'll be back' hoardings of Fadnavis seen amid Maha CM suspense
3. 5 MBBS students killed as their car collides with bus in Kerala
4. Why has Sukhbir Badal been punished by Akal Takht?
5. Avoid saffron clothes, tilak & cover heads: ISKCON to Bangladesh monks amid attacks

# Bill Gates draws flak for calling India a 'kind of laboratory to try things'

**NEW DEIHI, (Agency).** Bill Gates' recent podcast with Reid Hoffman went viral, but it didn't sit well with desi commentators after the tech mogul called India a "kind of laboratory to try things." His remark left many fuming, with people calling him out for his comment.




"India is an example of a country where there's plenty of things that are difficult there - the health, nutrition, education is improving and they are stable enough and generating their own government revenue enough that it's very likely that 20 years from now people will be dramatically better off and it's kind of a laboratory to try things that then when you prove them out in India, you can take to other places," Bill Gates said in the podcast.

"And so our biggest non-US office for the Foundation is in India and the most number of pilot roll out things we're doing anywhere in the world are with partners in India," he added.

An X user reacted to the remark and wrote, "India is a laboratory, and we Indians are Guinea Pigs for Bill Gates. This person has managed everyone from the Government to opposition parties to the media. His office operates here without FCRA, and our education system has made him a hero! I don't know when we will wake up!" The social media user posted a snippet of the podcast.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक